उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग

23, एलनगंज, प्रयागराज–211002

पत्रांकः शि०से०आयोग / 681 / अधियाचन / 2026–27 दिनांक : 22/05/2026

विज्ञप्ति / आवश्यक सूचना

आयोग द्वारा **प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक(TGT), विज्ञापन संख्या–01 / 2022** के विज्ञापित **3539** पदों के सापेक्ष आवेदन करने वाले **868531** अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा **दिनांक 03 एवं 04 जून 2026** को प्रतिदिन दो–दो पालियों में **36** जनपदों–**आगरा, मथुरा, अलीगढ़, हाथरस, अयोध्या, सुल्तानपुर, आजमगढ़, मऊ, बदॉयू, बरेली, बस्ती, संतकबीरनगर, बॉदा, चित्रकूट, बहराइच, गोण्डा, देवरिया, गोरखपुर, जालौन, झॉसी, कानपुर देहात, कानपुर नगर, लखनऊ, रायबरेली, गाजियाबाद, मेरठ, भदोही(संतरविदासनगर), मीरजापुर, मुरादाबाद, रामपुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, जौनपुर एवं वाराणसी** के प्रस्तावित **614** परीक्षा केन्द्रों पर **पूर्वान्ह 09:30 बजे से 11:30 बजे तक** तथा **अपरान्ह 02:30 बजे से 04:30 बजे** तक आयोजित करायी जायेगी। तिथिवार, विषयवार एवं पालीवार विवरण निम्नवत् है :–

विज्ञापन संख्या–01 / 2022 प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक परीक्षा कार्यक्रम							
दिनांक 03 जून, 2026				दिनांक 04 जून, 2026			
First Shift (09.30 to 11.30 AM)		Second Shift (02.30 to 04.30 PM)		First Shift (09.30 to 11.30 AM)		Second Shift (02.30 to 04.30 PM)	
विषय कोड	विषय का नाम	विषय कोड	विषय का नाम	विषय कोड	विषय का नाम	विषय कोड	विषय का नाम
05	सामाजिक विज्ञान (Social Science)	02	हिन्दी (Hindi)	08	अंग्रेजी (English)	03	संस्कृत (Sanskrit)
10	शारीरिक शिक्षा (Physical Education)	06	गणित (Mathematics)	04	गृह विज्ञान (Home Science)	11	वाणिज्य (Commerce)
01	विज्ञान (Science)	09	कृषि (Agriculture)	16	जीव विज्ञान (Biology)	07	कला (Arts)
13	उर्दू (urdu)	15	संगीत गायन (Music Vocal)	14	संगीत वादन (Music Instrumental)		

तद्नुक्रम में प्रश्नगत विज्ञापन के अन्तर्गत आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **परीक्षा जनपद की अग्रिम सूचना** सम्बन्धी विवरण आयोग की वेबसाइट **https://upessc.up.gov.in** पर **दिनांक 23 मई 2026** से जारी किया जायेगा। सम्बन्धित अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट के होमपेज पर उपलब्ध लिंक पर जाकर वांछित प्रविष्टियां अंकित करते हुए परीक्षा जनपद की अग्रिम सूचना देख सकते हैं।

सम्बन्धित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि यह परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र नही है। प्रवेश पत्र उक्त वेबसाइट के माध्यम से **दिनांक 30 मई 2026** से डाउनलोड किया जा सकता है। **अभ्यर्थियों को वैध प्रवेश पत्र के बिना परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान नही की जायेगी।**

उपसचिव

उ0प्र0 शिक्षा सेवा चयन आयोग

प्रयागराज।